सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एंव पदेन सहायक कलक्टर

श्री सोहन सिंह बनाम श्री पीथा सिंह व ...

किस्म मुकदमा रेस्टोरेशन प्रा. पत्र मु0न0 35 सन 2019

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म कीतामील में जारी हुए
25-7-19	वकील प्रार्थीगण उपस्थित। प्रार्थना पत्र पर जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। मिसल बाद दर्ज रजिस्टर होकर वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 06-8-19 को पेश हो। (जसमीतसिंह संधु) उपखण्ड अधि.एवं सहायक कलक्टर ब्यावर	
6/8/19	वकुला.ए.फरी.उप./पी.ओ.सा.दीगर प्रशा. कार्यो व्यस्त/ राजकार्य हेतु जयपुर पधारे हैं। मिसल वास्ते नियत कार्यवाही हेतु पी.ओ.सा.के समक्ष दिनांक 14/8/19 को पेश हों।	
14-8-19	वकील प्रार्थी उपस्थित। वकील प्रार्थी की प्रार्थना पत्र पर एकपक्षीय बहस सुनी गई जिनके कथन कमोबेश उनके प्रार्थना पत्र अनुसार ही रहे तथा मूल वाद पुनः रेस्टोर किये जाने का निवेदन किया। बहस के परिप्रेक्ष्य में पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया कि दिनांक 22.07.2019 को अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज़ किया गया था। अधिवक्ता प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र में कथन किए हैं कि उक्त दिनांक 22.07.2019 को अन्य न्यायालयों की कार्यवाही में व्यस्त होने से न्यायालय में गैर हाजिर रहे। वादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना में किए गए कथन सद्भाविक प्रतीत होते हैं एवं प्रकरण में जानबूझकर अनदेखी किया जाना प्रतीत नहीं होता है। अतः यह प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है एवं मूल पुनः नए नम्बर पर दर्ज किया जावे। यह प्रार्थना पत्र फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। (जसमीतसिंह संधु) उपखण्ड अधि.एवं सहायक कलक्टर ब्यावर	

Signature Not Verified
Digitally signed by Jasmeet Singh Sandhu
Date: 2019.12.07 15:21:05 IST
Reason: SelfAttested